श्रेष्ठ कृषि राज्य पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय खाद्य एवं कृषि परिषद (Indian Council of Food and Agriculture-ICFA) ने गुजरात को 'श्रेष्ठ कृषि राज्य पुरस्कार' से सम्मानित किया। गुजरात को यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित '11 वें वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन और नेतृत्व पुरस्कार - 2018' के दौरान दिया गया।

कृषि को बेहतर बनाने के लिये गुजरात की पहल

- गुजरात ने बेहतर कृषि प्रणाली और इसके लिये जागरूकता फैलाने की दिशा में कई पहलों को अपनाया है। इनमें से कुछ प्रमुख प्रयास हैं-

♦ कृषि महोत्सव
♦ मृदा स्वास्थ्य कार्ड
♦ जल संरक्षण
♦ सूक्ष्म सिंचाई
♦ बागवानी
♦ फसल पश्चात् प्रबंधन
♦ डेयरी और पशुपालन

- इसके अलावा यह राज्य कपास की फसल (राज्य की सबसे बड़ी खरीफ फसल) में गुलाबी-बॉलवार्म के खतरे से निपटने में भी सफल रहा है।
- पिछले कुछ वर्षों में गुजरात ने कृषि के लिये ड्रोन सर्वेक्षण के अलावा उपग्रह इमेजरी और जीआईएम मैपिंग के क्षेत्रों में पहल की है।

11वाँ वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन और नेतृत्व पुरस्कार- 2018

- 24-25 अक्तूबर, 2018 को 11वें वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन और नेतृत्व पुरस्कार का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस सम्मेलन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने "पालिसी लीडरशिप" श्रेणी में वैश्विक कृषि नेतृत्व पुरस्कार प्राप्त किया।

सम्मेलन का उद्देश्य

- नीतिगत सुधारों और सहयोगी प्रयासों के माध्यम से भारतीय किसानों को सर्वोत्तम विपणन मॉडल और संपर्क प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय तथा वैश्विक विपणन परिदृश्य एवं सफलता हेतु मॉडल पर चर्चा करना।
- भारत और वैश्विक स्तर पर किसानों द्वारा सामना किये जाने वाले विपणन मुद्दों और चुनौतियों जैसे- व्यापार और विपणन तक पहुँच, इक्विटी का मुद्दा तथा कृषि मूल्य और आपूर्ति शृंखलाओं में उभरते रुझान पर चर्चा करना।
- राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर कृषि के लिये नीति, व्यापार और बाज़ार दृष्टिकोण पर चर्चा करना, कृषि स्टार्ट-अप तथा किसान संगठनों के माध्यम से किसानों के लिये अवसर पैदा करके इस मुद्दे को हल करना।
- बेहतर विपणन विकल्पों के साथ किसानों की सहायता के लिये एफपीओ, कृषि व्यवसाय, स्टार्ट-अप उद्यम और मूल्य शृंखला विकास को बढ़ावा देने के लिये राज्यों, उद्योगों तथा संस्थानों की भूमिका पर चर्चा करना।
- जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा के मुद्दे, साझेदारी के माध्यम से सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता तथा बाज़ार में किसानों की आय बढ़ाने के लिये निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका की आवश्यकता पर चर्चा करना।

कृषि नेतृत्व पुरस्कार, 2018

- यह पुरस्कार किसानों की समस्याओं का समाधान तथा उनके जीवन को बेहतर बनाने एवं कृषि के विकास में योगदान के लिये दिया जाता है।
- वैश्विक कृषि नेतृत्व पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2008 में की गई थी, इस पुरस्कार के द्वारा किसानों के सशक्तीकरण के लिये कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है।
- इस पुरस्कार के विजेता का चुनाव महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाली जूरी द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gujarat-bags-best-agriculture-award